# बिहार लोक सेवा आयोग
# 63वीं मुख्य परीक्षा
# (सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-I)
# प्रैक्टिस पेपर-I

***अनुदेश:***

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खंड-III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

## Section-I
## खण्ड-I

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 300**

1. 1857 के विद्रोह में कुंवर सिंह की भूमिका का मूल्यांकन कीजिये। 38
2. "बिरसा आंदोलन में आंतरिक शुद्धिकरण के साथ आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति में परिवर्तन के तत्त्व निहित थे।" विवेचना कीजिये। 38
3. 'पटना कलम चित्रकला' की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये। 38
4. "आज शिक्षालय के स्तर को मापने का आधार विद्यालय भवन की भव्यता, पुस्तकों की संख्या तथा शैक्षिक उपकरणों की उपलब्धता है, जबकि रवीन्द्रनाथ टैगोर ने शिक्षा के वास्तविक पक्ष पर ध्यान दिया।" व्याख्या कीजिये। 38
5. "समाजवाद मात्र एक आर्थिक सिद्धांत नहीं, बल्कि एक जीवनदर्शन भी है और अपने इसी स्वरूप में मुझे प्रेरित करता है।" नेहरू के इस कथन के आलोक में उनके समाजवाद का परीक्षण कीजिये। 38
6. "स्वराज एक पवित्र शब्द है जिसका अर्थ आत्मशासन और आत्मसंयम है, अंग्रेज़ी शब्द इंडिपेंडेंस अक्सर सभी प्रकार की मर्यादाओं से मुक्त निरंकुश आज़ादी का या स्वच्छंदता का अर्थ देता है। वह अर्थ स्वराज में नहीं है।" इस कथन के आलोक में गांधी के स्वराज पर चर्चा कीजिये। 38


## Section-II
## खण्ड-II

7. "भारत में संस्थाओं की स्वायत्तता और सरकारी हस्तक्षेप के बीच से उपजा अंतर्विरोध भारतीय जनमानस में संस्थाओं के प्रति संदेह व अविश्वास की स्थिति उत्पन्न करता है।" हाल ही में रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया और सीबीआई विवाद के विशेष संदर्भ में चर्चा कीजिये तथा इस तरह के विवाद किस प्रकार भारत के शासन व प्रशासन दोनों के लिये संकटपूर्ण है? 38
8. ट्रेडवार क्या है? वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में इस प्रकार की तीखी व्यापारिक तनातनी का वैश्विक आर्थिक गतिविधियों पर क्या प्रभाव पड़ता है? ट्रेडवार से भारत पर पड़ने वाले सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों को बताइये। 38
9. श्रीलंका में उत्पन्न राजनीतिक संकट पर प्रकाश डालिये। भारत के पड़ोसी देशों में उत्पन्न राजनीतिक संकट से भारत के आर्थिक व सामरिक हित किस प्रकार प्रभावित होते हैं? पड़ोस के देशों में उत्पन्न इस प्रकार के संकट के समाधान में भारत की क्या भूमिका हो सकती है? 38
10. सात निश्चय कार्यक्रम क्या हैं? बिहार के विकास में सात निश्चय योजना के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिये। सात निश्चय योजना को और बेहतर बनाने में कुछ उपयुक्त सुझाव दीजिये। 38
11. पर्यटन क्या है? बढ़ते पर्यटन से किस प्रकार भारत की अर्थव्यवस्था लाभान्वित हो रही है? बिहार सरकार द्वारा पर्यटन के विकास एवं बढ़ावा देने हेतु क्या प्रमुख प्रयास किये गए? 38

## Section-III
## खण्ड-III

12. नीचे दिये गए ग्राफ का अध्ययन कीजिये और उसके बाद दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**दो विभिन्न संस्थानों में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की संख्या (हज़ारों में)**



(क) संस्थान B में प्रवेश के लिये वर्ष 2002 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों और संस्थान A में प्रवेश के लिये वर्ष 2006 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों के बीच क्रमशः क्या अनुपात है? 6


(ख) सभी वर्षों में संस्थान B में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की लगभग औसत संख्या कितनी थी? 10

(ग) दोनों संस्थानों को मिलाकर प्रवेश के लिये लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की दूसरी सर्वाधिक कुल संख्या किस वर्ष थी? 8

(घ) संस्थान A और B को मिलाकर प्रवेश के लिये वर्ष 2006 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की कुल संख्या और संस्थान A में प्रवेश के लिये वर्ष 2003 में लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उम्मीदवारों की संख्या के बीच कितना अंतर है? 12

13. निम्नांकित ग्राफ का ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**छह अलग-अलग क्रिकेट मैचों में तीन अलग-अलग टीमों द्वारा बनाए गए रनों की संख्या**




(क) पिछले मैच (मैच-3) की तुलना में मैच-4 में टीम-B द्वारा बनाए गए रनों की संख्या में प्रतिशत वृद्धि क्या थी? 6


(ख) मैच-2 में टीम-A और मैच-6 में टीम-C द्वारा बनाए गए रनों की संख्या के बीच क्रमशः अनुपात क्या है? 10

(ग) सभी मैचों में मिलाकर टीम-B द्वारा बनाए गए रनों की औसत संख्या क्या थी? 8

(घ) किस मैच में सभी टीमों द्वारा मिलाकर बनाए गए कुल रनों की संख्या दूसरी सबसे बड़ी है? 12

14. निम्नलिखित पाई-चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**एक स्कूल में विभिन्न हॉबी कक्षाओं में भर्ती हुए विद्यार्थियों की संख्या/कुल विद्यार्थी** = 3600




(क) पाकशास्त्र कक्षा में भर्ती हुए विद्यार्थियों की संख्या नृत्य कक्षा में भर्ती हुए विद्यार्थियों की संख्या का कितना प्रतिशत है? (दशमलव के बाद दो अंकों तक पूर्णांकित) 6


(ख) सिलाई और नाटक कक्षा को मिलाकर भर्ती हुए विद्यार्थियों की कुल संख्या क्या है? 10

(ग) चित्रकारी कक्षा में कितने विद्यार्थी भर्ती हुए हैं? 8

(घ) गायन और नृत्य कक्षा को मिलाकर भर्ती हुए विद्यार्थियों की संख्या का नाटक की कक्षा में भर्ती हुए विद्यार्थियों की संख्या से क्रमशः क्या अनुपात है? 12

**15.** निम्नांकित ग्राफ का ध्यान से अध्ययन कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

**विगत वर्षों में अलग-अलग तीन प्रकार की मोबाइल सेवा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या** (हज़ारों में)




(क) सभी वर्षों को मिलाकर मोबाइल सेवा M का उपयोग करने वाले लोगों की औसत संख्या क्या है? 6

(ख) वर्ष 2006 में मोबाइल सेवा N का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या उस वर्ष सभी तीन मोबाइल सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों की कुल संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है? 10

(ग) वर्ष 2005 में मोबाइल सेवा L का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या, वर्ष 2004 में उसी का उपयोग करने वाले लोगों से क्रमशः अनुपात क्या था? 8

(घ) वर्ष 2008 और 2009 में मोबाइल सेवा M का उपयोग करने वाले लोगों की कुल संख्या कितनी है? 12